# MODEL EXAMINATION – (2018-19)

## Subject : HINDI –CODE - 085

**Duration : 3Hours Class :X Max.Marks :80**

**श:**

**(१) इस - ,ख,ग और घ |**

**(२) |**

**(३) यथासंभ |**

**1. ग पढ़क गए ए:-**

संस्‍ एक

और

हुए | |

|

|

आ |

हए,

| |

आत्म आत्म |

|

गांधी ने कई बार स्पष्ट रूप से कहा था कि मैंने जीवन में हिमालय जैसी बड़ी भूल की है | अपनी भूलों को ध्यान देना या उन्हें स्वीकार करना आत्मा बल का चिह्न है | जो लोग दूसरों के सामने अपनी भूल नहीं मानते और न ही अपने को दोषी स्वीकार करते हैं, वे सबसे बड़े कायर हैं | जिसका अंत:करण शीशे के समान उजला है, उसे झट अपनी भूल महसूस हो जाती है | मन तो दर्पण है | मन में पाप है तो जग में पाप दिखाई देता है | पवित्र आचरण वाले अपने मन को देखते हैं तो उन्हें लगता है कि अभी इसमें कोई कमी रह गई है | इसलिए वे अपने को बुरा कहते हैं | यही उनकी नम्रता का साधन है |

(क) दुर्जन व सज्जन अपनी किस चारित्रिक विशेषता के कारण भिन्न कहलाते हैं? **(2)**

(ख) उन्नति का सर्वश्रेष्ठ मार्ग किसे व क्यों माना गया है ? **(2)**

(ग) सबसे बड़ा कायर कौन है ? **(2)**

(घ) सज्जनों की नम्रता का परिचय किस प्रकार मिलता है ? **(2)**

(ड) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए | **(1)**

**2.निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

नीलांबर परिधान हरित पट पर सुंदर है ,

सूर्य-चंद्र युग-मुकुट, मेखला रत्नाकर है,

नदियाँ प्रेम-प्रवाह, फूल तारे मंडल है,

बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है ,

करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की
हे मातृभूमि ! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ;
जिसकी रज में लोट-लोटकर बड़े हुए हैं,
घुटनों के बल सरक-सरक कर बड़े हुए हैं |

(क) 'नीलांबर परिधान हरित पट' - किसे कहा गया है ? **(2)**

(ख) इस कविता में वंदनीय कौन है ? **(2)**

(ग) अपनी मातृभूमि कवि को कैसी लगती है ? **(2)**

**अथवा**

कुछ काम करो, कुछ काम करो,
जग में रहकर कुछ नाम करो |
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो !
समझो, जिससे यह व्यर्थ न हो |

कुछ तो उपयुक्त करो तन को,
नर हो, न निराश करो मन को |
संभलो कि सु-योग न जाए चला,
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला ?

समझो जग को न निरा सपना ,

पथ आप प्रशस्त करो अपना |

अखिलेश्वर हैं अवलंबन को,

नर हो, न निराश करो मन को |

जल-तुल्य निरंतर शुद्ध रहो,

प्रबलानल ज्यों अनिरुद्ध रहो |

पवनोपम सत्कृतिशील रहो,

अवनीतल वद्धृतिशील रहो |

कर लो नभ-सा शुचि जीवन को,

नर हो, न निराश करो मन को |

(क) कवि क्या प्रेरणा दे रहा है ? **(2)**

(ख) कवि किस तरह के व्यक्ति को समझा रहा है ? **(2)**

(ग) कवि कविता में किन पाँच तत्वों की तरह बनने को कहता है ? **(2)**

## खंड ख

**3. शब्द कब पद का रूप ले लेते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए |** **(2)**

**अथवा**

**शब्द पद के रूप में कब बदल जाता है ? किसी शब्द को पद के रूप में लिखिए |**

**4. नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं तीन वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए :- (3)**

(क) रजनी के समझाने पर सब बच्चे तैयार हो गए | (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) हम अकेले होने पर अपने आप से बातें करते रहते हैं | (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ग) श्वेता बीमार होने के कारण स्कूल नहीं गई | (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(घ) जो व्यक्ति परिश्रमी है उसे सफलता मिलती है | (सरल वाक्य में बदलिए)

**5.(1) निम्नलिखित समस्तपदों में से किन्हीं दो समस्तपदों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए :- (2)**

(क) नीलकंठ (ख) जन्मांध (ग) पंचतंत्र

**(2) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास विग्रह को समस्तपद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए :- (2)**

(क) आप पर बीती (ख) कमल रुपी नयन (ग) दिन और रात

**6. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं चार वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए :-**

**(4)**

(क) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ |

(ख) आज की सभा में अनेकों लोग उपस्थित थे |

(ग) कृपया मुझे दो दिन का अवकाश देने की कृपा करें |

(घ) उसने सत्य न बोला |

(ड) एक कहानियों की पुस्तक ले आइए |

**7. उचित मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए :-** **(2)**

(क) माता जीजाबाई ने अपने पुत्र शिवाजी के मन में राष्ट्रीयता की भावना ----------------------थी |

(ख) 'आग बबूला होना' - मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयुक्त कीजिए

**खंड ग**

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क)बंगाल ने अपने माथे पर लगे कलंक को किस प्रकार धोने का प्रयास किया?**(2)**

(ख) वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया ? **(2)**

(ग) भविष्य के सपनों को रंगीन और अतीत की यादों को खट्टा-मीठा क्यों कहा है? 'झेन की देन' पाठ के आधार पर लिखिए | **(1)**

**अथवा**

ताँतारा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या सुखद परिवर्तन हुआ ?
(9) 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुखी होने वाले' पाठ में लेखक ने अपनी माँ की किन विचारधाराओं की चर्चा की है ? अपनी माँ तथा पत्नी के माध्यम से लेखक ने क्या सिद्ध करने का प्रयास किया है ? **(5)**

**अथवा**

बड़े भाई साहब ने ऐसा क्यों कहा कि अहंकार मनुष्य का विनाश करता है | अपने इस कथन को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने क्या-क्या उदाहरण दिए ?

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) बिहारी की नायिका यह क्यों कहती है 'कहिहै सबु तेरौ हियौ,मेरे हिय की बात'- स्पष्ट कीजिए | **(2)**

(ख) 'इंद्रजाल' शब्द के माध्यम से कवि ने कौन-सी ऋतु का वर्णन किया है तथा उसे इंद्रजाल क्यों कहा है ? **(2)**

(ग) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है?**(1)**

**अथवा**

कंपनी बाग में रखी तोप क्या सीख देती है ?

11. मैथिलीशरण गुप्त जी ने अपनी कविता के माध्यम से कौन-सा जीवन संदेश देना चाहा है ? **(5)**

**अथवा**

'राम' तथा 'लक्ष्मण' के माध्यम से सैनिकों ने देशवासियों से क्या-क्या अपेक्षाएँ की हैं ? 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर लिखिए |

12.'हरिहर काका' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने यह क्यों कहा, "अज्ञान की स्थिति में ही मनुष्य मृत्यु से डरते हैं | ज्ञान होने के बाद तो आदमी आवश्यकता पड़ने पर मृत्यु को वरण करने के लिए तैयार हो जाता है |" **(5)**

**अथवा**

टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मजहब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे | इस कथन के अलोक में अपने विचार लिखिए |

**खंड घ**

13. प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिसमें पुस्तकालय में हिंदी की दो पत्रिकाएँ मँगाने की प्रार्थना हो | **(5)**

**अथवा**

किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए जिसमें सामान्य नागरिक की कठिनाइयों का वर्णन किया गया हो |

14.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:-

**(5)**

(i) विद्यार्थी जीवन और फैशन

*फैशन क्या है *विद्यार्थियों पर बढ़ते फैशन का प्रभाव *दुष्प्रभावों से बचे कैसे?

(ii) जो समय को नष्ट करता है, समय उसको नष्ट करता है

* समय मूल्यवान *समय का सदुपयोग आवश्यक *कुछ उदाहरण *समय नष्ट करने से पछतावा, थकावट, निराशा

(iii) मोबाइल फ़ोन - सुविधा या असुविधा

*आवश्यक अंग *सुविधाएँ *बुराइयाँ

15. बाज़ार में नया कूलर आया है - 'समीर' | यह १०० वोल्ट में इन्वर्टर पर भी चल सकता है | एक विज्ञापन तैयार कीजिए | **(5)**

**अथवा**

'सारस्वत' नाम से नया स्कूल खुला है | उसमें कक्षा १ से १२ तक पढ़ाई का प्रबंध है | दाखिले शुरू हैं | कुछ विशेषताएँ लिखते हुए विज्ञापन तैयार कीजिए |

16. खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट के बारे में दो मित्रों के बीच में हुए संवाद को लगभग ५० शब्दों में लिखिए | **(5)**

**अथवा**

स्वच्छता अभियान के बारे में दो छात्रों का संवाद लिखिए |

17. आप लायन क्लब, अलवर के अध्यक्ष हमेश सिंह हैं | आप गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए पुस्तकें और कॉपियाँ वितरित करना चाहते हैं | उसके लिए एक सूचना लिखिए | **(5)**

**अथवा**

आप नवोदय विद्यालय, बीहार की खेल परिषद के अध्यक्ष जसवंत हैं | आपने अपने विद्यालय में बैडमिंटन मैच का आयोजन किया है | सभी विद्यार्थियों को मैच देखने का निमंत्रण करते हुए सूचना लिखिए |

*************************************************